बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र0 / BSPTCL–12 / 2026 – /पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– **बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु सुपौल जिले के पिपरा प्रखण्ड में एक नये 2X200+2X80 एम0वी0ए0 क्षमता वाली 220 / 132 / 33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र का निर्माण एवं संबंधित 220 के0वी0 एवं 132 के0वी0 संचरण लाईन के निर्माण हेतु 575.36 करोड़ (पॉच सौ पचहत्तर करोड़ छतीस लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं उक्त स्वीकृत राशि का 20% अर्थात 115.07 करोड़ (एक सौ पंद्रह करोड़ सात लाख) रूपये पूँजीगत निवेश के रूप में इक्विटी स्वरूप एवं शेष 80% अर्थात 460.29 करोड़ (चार सौ साठ करोड़ उन्नतीस लाख) रूपये राज्य सरकार की गारंटी पर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 10.00 करोड़ (दस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

आदेश–स्वीकृत।

राज्य की विद्युत प्रणाली में हो रहे चतुर्दिक विकास के कारण विद्युत मांग में उत्तरोत्तर वृद्धि के अनुरूप संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है। वर्तमान में 132 / 33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र सुपौल से विभिन्न 33 / 11 के0वी0 विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती है। ग्रिड उपकेन्द्र सुपौल से विद्युत शक्ति उपकेन्द्रों की दूरी अत्यधिक रहने के कारण सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है एवं ब्रेकडाउन की स्थिति में पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल करने में विलम्ब होती है एवं क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या रहती है।

2. सुपौल जिले के पिपरा प्रखण्ड में एक नये 2X200+2X80 एम0वी0ए0 क्षमता वाली 220 / 132 / 33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र का निर्माण एवं संबंधित 220 के0वी0 एवं 132 के0वी0 संचरण लाईन के निर्माण की आवश्यकता है। इस ग्रिड उपकेन्द्र के निर्माण के पश्चात् उपरोक्त 33 / 11 के0वी0 विद्युत शक्ति उपकेन्द्र पिपरा, कटैया, त्रिवेणीगंज, मेडिकल कॉलेज (प्रस्तावित) एवं तुलपट्टी की दूरी काफी कम हो जाएगी एवं पिपरा प्रखण्ड एवं आस–पास के क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

3. प्रस्तावित 220 / 132 / 33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र, पिपरा के निर्माण के उपरांत ग्रिड उपकेन्द्र राघोपुर, त्रिवेणीगंज, सुपौल, फुलपरास एवं निर्मली को प्रस्तावित संचरण लाईन से जोड़ा जा सकेगा जिसके उपरांत संबंधित क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

4. प्रस्तावित ग्रिड उपकेन्द्र एवं संबंधित 220 के0वी0 एवं 132 के0वी0 संचरण लाईन के निर्माण की कार्य विवरणी निम्नवत हैः–

क्र0 सं0	कार्य का विवरण
1.	सुपौल जिले के पिपरा प्रखण्ड में एक नये 2X200+2X80 एम0वी0ए0 क्षमता वाली 220/132/33 के0वी0 ग्रिड सब–स्टेशन का निर्माण, सम्बंधित लाईन 'बे' का निर्माण एवं:– (i) 220 के0वी0 डबल सर्किट मधेपुरा–लौकही संचरण लाईन का LILO (ii) 220 के0वी0 डबल सर्किट सहरसा (PG)– पिपरा (iii) 132 के0वी0 डबल सर्किट पिपरा ग्रिड सब स्टेशन–राघोपुर ग्रिड सब स्टेशन। (iv) 132 के0वी0 डबल सर्किट पिपरा ग्रिड सब स्टेशन–त्रिवेणीगंज ग्रिड सब स्टेशन। (v) 132 के0वी0 सुपौल–फुलपरास का LILO (vi) 132 के0वी0 सुपौल–निर्मली का LILO संचरण लाईन के निर्माण हेतु।

5. अतएव बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु सुपौल जिले के पिपरा प्रखण्ड में एक नये 2X200+2X80 एम0वी0ए0 क्षमता वाली 220/132/33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र का निर्माण एवं संबंधित 220 के0वी0 एवं 132 के0वी0 संचरण लाईन के निर्माण हेतु नयी योजना तैयार की गयी है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 575.36 करोड़ (पॉच सौ पचहत्तर करोड़ छतीस लाख) रूपये आकलित की गयी है

6. उक्त आलोक में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के अंतर्गत संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण हेतु सुपौल जिले के पिपरा प्रखण्ड में एक नये 2X200+2X80 एम0वी0ए0 क्षमता वाली 220/132/33 के0वी0 ग्रिड उपकेन्द्र का निर्माण एवं संबंधित 220 के0वी0 एवं 132 के0वी0 संचरण लाईन के निर्माण हेतु 575.36 करोड़ (पॉच सौ पचहत्तर करोड़ छतीस लाख) रूपये की नयी योजना की स्वीकृति एवं उक्त स्वीकृत राशि का 20% अर्थात 115.07 करोड़ (एक सौ पंद्रह करोड़ सात लाख) रूपये पूँजीगत निवेश के रूप में इक्विटी स्वरूप एवं शेष 80% अर्थात 460.29 करोड़ (चार सौ साठ करोड़ उन्नतीस लाख) रूपये राज्य सरकार की गारंटी पर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने की स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2026–27 में 10.00 करोड़ (दस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

7. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय–उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघु शीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0105–बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900105 विषय शीर्ष 5401–निवेश के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

8. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी0एल0 खाता–PTSPLA014) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0044–बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200044 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200044 में जमा की जाएगी।

9. बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0 द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए CFMS खाता संख्या–PTSPLA014 से की जाएगी।

10. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–7355 दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इसमें महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

11. उक्त प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–12/2026 के पृष्ठ संख्या–17/टि0 पर दिनांक–12.10.2026 को प्राप्त है।

12. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–12/2026 के पृष्ठ संख्या–20/टि0 पर दिनांक–13.10.2026 को प्राप्त है।

13. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह0/–
(सुधा गुप्ता)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–12/2026– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार(लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–12/2026– 5279 /पटना, दिनांक– 22.10.2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 एवं आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.10.26
सरकार के संयुक्त सचिव।